# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 02 मार्च, 2021

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 18**

----

### जलापूर्ति केन्द्रों का निर्माण कब तक

***117 श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नल-जल योजनान्तर्गत हर घर को स्वच्छ जल मुहैया कराने हेतु राज्य के सभी जिलों में जलापूर्ति केन्द्र के निर्माण की योजना चलायी जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना शहरी क्षेत्र में 113 जलापूर्ति केन्द्र हैं, जिनमें पटना में कुल 97 जलापूर्ति केन्द्रों में से 9 ही चालू हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो पटना के शेष बचे कुल 88 जलापूर्ति केन्द्रों का निर्माण सरकार शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

### विद्युत संबंधन कब तक

***118 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला में कृषि फीडर के निर्माण के सन्दर्भ में कृषि

विद्युत संबंधन हेतु प्राप्त 7892 आवेदनों के विरुद्ध सिर्फ 2000(दो हजार) कृषि विद्युत संबंधन उपलब्ध कराया गया है, यदि हां, तो शेष को कब तक विद्युत संबंधन उपलब्ध कराया जायेगा?

----

## उचित इलाज की व्यवस्था

*119 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा)ः**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना स्थित पी.एम.सी.एच. में मरीजों को उनका ऑपरेशन करने हेतु महीनों बाद भी नम्बर नहीं आता है जिसके कारण गंभीर मरीजों को काफी परेशानी हो रही है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पी.एम.सी.एच. में भर्ती मरीजों को समय पर इलाज एवं ऑपरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

*120 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा)ः**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा का वितरण का कार्यक्रम चल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि दवा वितरण सही ढंग से होने तथा उसके भंडारण की मॉनिटरिंग, औषधि और वैक्सीन वितरण प्रबन्ध पद्धति से होती है;

(ग) क्या यह सही है कि मुफ्त दवा वितरण कार्यक्रम में 21 जिलों में भ्रष्टाचार तथा लापरवाही बरते जाने के कारण डॉक्टरों, कर्मियों, भंडरपालकों, अनुश्रवण अधिकारियों का वेतन – मानदेय को रोक दिया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त गड़बडि़यों के दोषियों के विरुद्ध वेतन- मानदेय रोकने के अतिरिक्त अन्य दंडात्मक कदम उठाने पर विचार कर जिम्मेदारी तय करेगी या नहीं?

----

## कार्रवाई पर विचार

***121 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत औराई प्रखंड की भदई पंचायत के वार्ड नम्बर - 10 में दो साल पहले हर घर नल जल योजना का काम पूरा कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि आजतक उक्त पंचायत के उक्त वार्ड में किसी भी नल से जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि पूरी पाइप लाइन जर्जर है और उसमें गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी व्यक्तियों पर क्या कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## भुगतान कबतक

***122 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सदर अस्पताल, बक्सर के तीन मुर्च्छकों का अकारण वेतन रोक दिया गया एवं वेतन की मांग करने के कारण इन्हें निलंबित करते हुए वेतन वृद्धि रोकने का आदेश दे दिया गया;

(ख) क्या यह सही है कि तत्कालीन प्रभारी सिविल सर्जन श्रीमती किरण कुमारी वर्मा और उपाधीक्षक रामकुमार गुप्ता ने द्वेषवश और शोषण के मकड़जाल में फांसकर इन पर कार्रवाई करवायी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार क्या सदर अस्पताल, बक्सर में चिकित्सकों के विरुद्ध लगाए गए सभी मामलों की जांच प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग से कराकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई कराना चाहती है और निर्दोष चिकित्सकों को दोषमुक्त करते हुए नियमानुसार भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चलन्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली कब तक

***123 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सूबे के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य अथवा आकस्मिक चिकित्सा की चाह रखने वालों के लिए वर्तमानतः 'चलन्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली (Mobile Health Service System)' कार्यरूप में नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकजीवन के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए आवश्यक दवाइयों के साथ-साथ चिकित्सक सहित यह सेवा प्रदान करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## दोषियों पर कार्रवाई कब तक

***124 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि दिनांक – 13.01.2021 को गया जिले के कोंच प्रखण्ड के दिग्घी गांव में बिजली विभाग द्वारा बिजली की चोरी पकड़ने के लिए जांच अभियान चलाया गया था ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जांच में श्री रविन्द्र सिंह के घर में बिजली की चोरी होते हुए जांच दल द्वारा पकड़ा गया एवं उसका वीडियो भी बनाया गया था;

(ग) क्या यह सही है कि बिजली चोरी का मुकदमा श्री रविन्द्र सिंह पर न करते हुए साजिश के तहत श्री गौतम कुमार पर विभाग के अधिकारियों द्वारा मुकदमा कर दिया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की जांच कराकर श्री रविन्द्र सिंह पर मुकदमा करते हुए श्री गौतम कुमार को बरी कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## बिजली का पोल गड़वाने का विचार

***125 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर अनुमंडल के अंधराठाढ़ी प्रखंड के रुद्रपुर गांव निवासी श्री श्याम राय, पे०- स्व. उत्तम राय के घर के सामने बिजली का पोल नहीं रहने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि बांस-बल्ले के सहारे बिजली का उपयोग किया जा रहा है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है;

(ग) क्या यह सही है कि इनकी अगल-बगल में बिजली का पोल गाड़ा जा चुका है, जबकि इस अति पिछड़ा समुदाय से आनेवाले व्यक्ति को कोई देखनेवाला नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली का पोल गड़वाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## भोजन का लाभ कबतक

*126 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

**अल्पसंख्यक कल्याण :-**

क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री रोजगार ऋण योजना अंतर्गत ऋण की अधिकतम सीमा 5 लाख से बढ़ा कर 10 लाख तक सरकार के पास विचाराधीन है;

(ख) क्या यह सही है कि दिनांक – 19.12.2015 को माननीय मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण विभागीय समीक्षा के दौरान छोटे ऋण पूर्व की भांति जारी रखने एवं बड़े ऋण के स्थान पर इंटेरेस्ट सब्सिडी की योजना बनाने का स्पष्ट निर्देश दिया था ताकि गरीब-गुरबा को योजना का लाभ मिल सके;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो यह विभाग का नया प्रस्ताव क्यों; इस निर्णय से संपन्न लोगों को लाभ मिलेगा?

----

## कार्रवाई पर विचार

*127 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि ग्राम रामचंद्रडीह, वार्ड नंबर- 6 में बोरिंग फेल है,

कपरीडीह, वार्ड नंबर- 1, पड़डि़या, गुडि़याडीह, गरही, सौतारी, इन सभी जगह का कार्य हो जाने के बाद भी अभी तक नल-जल योजना से पानी चालू नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उन सभी वार्डों में नल-जल योजना चालू करा कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत तार जर्जर

*128 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज शहर के मुहल्लों से गुजर रहा हाई टेंशन 11 हजार केवीए का तार कभी भी बड़े हादसे को दावत दे सकता है;

(ख) क्या यह सही है कि नगर परिषद् वार्ड नं०- 26 अंतर्गत फ्रेंड्स कॉलोनी के बीचो-बीच लोगों की छतों से गुजर रहा तार कभी भी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है, हाई टेंशन का तार सड़क से महज 10 फीट ऊपर से गुजरा हुआ है और वह भी काफी जर्जर हालत में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त वार्ड में हाई टेंशन तार को सरकार कबतक हटवायेगी, नहीं तो क्यों?

----

## बिजली उपलब्ध कबतक

*129 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सरकार ने राज्य के हर खेत को पानी पहुंचाने की घोषणा की है तथा इसके लिए प्रतिदिन किसानों को आठ घंटे बिजली देने की घोषण की है;

(ख) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड के किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली की आपूर्ति नहीं की जाती है, बिजली के अभाव में किसानों को डीजल से पपिंग सेट तथा अन्य उपकरण चलाने पड़ते हैं जिसके कारण उन पर काफी आर्थिक बोझ पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर के

किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन बनाने पर विचार

***130 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र मडि़या प्रखंड नावागर में है;

(ख) क्या यह सही है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने हेतु भवन निर्माण करने के लिए असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बक्सर ने प्रस्ताव विभाग को भेजे हैं, जो लंबित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उप स्वास्थ्य केन्द्र मडि़या को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करते हुए भवन बनाने का विचार रखती है?

----

## ठोस कदम उठाने पर विचार

***131 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत राज्य में अपने लक्ष्य से काफी पीछे चल रही है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय में उक्त योजना अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड निर्माण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक मात्र 27 प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है, जो राज्य में सर्वाधिक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गोल्डेन कार्ड बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कौन-सा और कब तक ठोस कदम उठाना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## हॉस्पिटल का निर्माण

***132 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत अमदाबाद प्रखंड एक सुदूर प्रखंड है एवं इस क्षेत्र के अधिकतर गरीब तबके के लोग समुचित चिकित्सा के लाभ से वंचित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि अमदाबाद प्रखंड मुख्यालय में कम से कम 30 बेड का प्रस्तावित हॉस्पिटल का निर्माण कराये जाने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हॉस्पिटल का निर्माण कब तक करेगी, नहीं तो क्यों?

----

## मेडिकल कॉलेज का निर्माण

***133 श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने का कार्य विचारधीन है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अन्य जिला में मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या औरंगाबाद जिले के लिए प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का निर्माण कबतक कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## कार्य योजना

***134 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**विधि :-**

क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया स्थित विष्णुपद मंदिर की बदहाली एवं कुप्रबंधन से यहां आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को बहुत असुविधा हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि इस ऐतिहासिक मंदिर को बदहाली से निकाले जाने की

कार्रवाई शीघ्र किया जाना जनहित में आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किस समयावधि के अंदर विष्णु पद मंदिर के उत्थान के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर इसे बदहाली एवं कुप्रबंधन से मुक्त करायेगी?

----